पुष्कर मेला-2024 : सांप्रदायिक सौहार्द के साथ निकलेगी आध्यात्मिक यात्रा

मॉर्निंग न्यूज @ पुष्कर। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले के दौरान 12 नवंबर को आध्यात्मिक यात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर प्रशासनिक विभागों और आध्यात्मिक संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक पारीक धर्मशाला में आयोजित की गई जिसमें आध्यात्मिक यात्रा के मार्ग में उसमें की जाने वाली व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। दरगाह के खादिमों की संस्था अंजुमन के सचिव सरवर चिश्ती कहां की पुष्कर तीर्थ का महत्व पूरे विश्व में है, पुष्कर मेले में जिस प्रकार से श्रद्धालु आते हैं। लेकिन प्रशासनिक विभागों के रिकॉर्ड में इसको पशु मेला लिखा जाता है। जबकि पुष्कर भरने वाला मेला आध्यात्मिक है और इसमें सभी श्रद्धालु धार्मिक होते हैं। इसलिए इसका नाम पुष्कर आध्यात्मिक मेला रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुष्कर में निकलने वाली आध्यात्मिक यात्रा पर अंजुमन की ओर से पुष्प वर्षा कर सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर उपखंड अधिकारी गौरव कुमार गोयल, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गिरीश बच्चानी, मेला अधिकारी डॉ सुनिल घीया, नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत, थानाधिकारी राकेश यादव, नगर परिषद के उपसभापति शिवस्वरूप महर्षि भाजपा नेता अरुण वैष्णव, पार्षद मुकेश कुमावत, रोहन बोकोलिया, कैलाश श्रेष्ठी, गरीब नवाज सूफी मिशन सोसाइटी के काज़ी मुनव्वर अली, वरिष्ठ पत्रकार नवाब हिदायत उल्ला, अंजुमन के उपाध्यक्ष कलीमुद्दीन चिश्ती, सदस्य शारिब संजरी, निर्मलाश्रम के संत लवकुश हरि महाराज, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर,उदासीन आश्रम महन्त हनुमानराम, पंडित कैलाश नाथ दाधीच, रघु शर्मा, एसपी गौतम, मौसम शर्मा आदि मौजूद रहे।

रेलवे अस्पताल का एनडब्लयूआर के महाप्रबंधक ने लिया जायजा

अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश, सुविधाओं का किया जाए विस्तार

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल के रेलवे अस्पताल का सोमवार को उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए नई सुविधाओं का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने नवनिर्मित बहिरंग दवा वितरण केंद्र का भी उद्घाटन किया, जिससे रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को लाभ मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने अस्पताल में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए मरीजों से संवाद कर अस्पताल में चल रहे उपचार और देखभाल सेवाओं के बारे में जानकारी ली। अस्पताल के विभिन्न वार्डों और आईसीयू का निरीक्षण करते हुए उन्होंने डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के साथ चर्चा की और उन्हें अत्याधुनिक सुविधाएं और संसाधनों की उपलब्धता के लिए सुझाव भी दिए। महाप्रबंधक ने बताया कि रेलवे अस्पताल में आईसीयू जैसी सुविधाओं का विस्तार रेलवे कर्मचारियों और उनके परिजन को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।

70 स्पेशल ट्रेनों का संचालन : महाप्रबंधक ने कहा कि दीपावली और छठ पर्व के मद्देनजर रेलवे द्वारा यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए 70 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। त्यौहार के मद्देनजर यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना है, जिसके चलते लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है ताकि यात्रियों की यात्रा सुविधाजनक और सुरक्षित रहे।

धनतेरस आज, सजे बाजार, बरसेगा धन

घर-घर पूजे जाएंगे धनकुबेर, 31 को प्रदोषकाल में होगा लक्ष्मी पूजन

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। गुरु पुष्य के बाद दीपावली से पहले खरीदारी का दूसरा महामुहूर्त आज धनतेरस मंगलवार को रहेगा। इस दिन खरीदारी का तीन गुना लाभ देने वाला त्रिपुष्कर के साथ ही लक्ष्मीनारायण योग भी बनेगा। ज्योतिर्विदों के अनुसार इस दिन सोना.चांदी, बर्तन के साथ भूमि.भवन, इलेक्ट्रानिक सामग्री के साथ ही सभी प्रकार की चल-अचल संपति की खरीदी में निवेश लाभप्रद होगा। खरीदारों की अगवानी के लिए इस दिन की खास तैयारी शहर के बाजारों में की गई है।

कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी लगते ही दीपों का पर्व दिपावली शुरू होगा। मंगलवार गांवों से लेकर शहर तक अजमेरवासी खरीदारी को निकलेंगे और बाजारों में जमकर धन बरसेगा। घर घर धनकुबेर पूजे जाएंगे। मां धनंवतरि जयंती भी मनाई जाएगी। पर्व की पूर्व संध्या पर बर्तन, क्रॉकरी, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रीकल्स, कार, बाइक, कपड़ा, बर्तन, सराफा सहित अन्य ट्रेड का व्यापार खिलखिला उठा है। शहर के मदार गेट, कैसरगंज, पडाव, पुरानी मंडी, नया बाजारए डिग्गी चौक, रामगंज, नगरा सहित अन्य मार्केटों में विभिन्न ट्रेडों की

दुकानें सजी.संवरी नजर आई।

रोशनी से जगमगा उठे बाजार : सोमवार शाम होते ही शहर के सभी प्रमुख बाजार रोशनी से जगमगा उठे। बाजारों में कपड़ा, बर्तन, ऑर्टीफिशियल ज्वैलरी, चूड़ी-कंगन, सजावटी सामान की खरीदारी हुई। वहीं मंगलवार को भी बाजारों में जमकर धन बारिश होगी। इसको लेकर पक्की दुकानों से लेकर फुटपाथ और मॉल्स से लेकर शोरूम तक रोशनी में जगमाते नजर आए। खास तौर से बर्तन बाजारों में काफी भीड़ रही।

धनतेरस पर शुभ योग : धनतेरस पर पूजा और खरीदारी का विशेष लाभ मिलेगा। इस साल धनतेरस पर 100 साल बाद त्रिग्रही योग यानी त्रिपुष्कर योगए इंद्र योगए वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का महासंयोग बन रहा है।पंचांग के अनुसार इस वर्ष धनतेरस पूजन के लिए महज 1 घंटा 42 मिनट का समय मिल रहा है। धनतेरस पूजन के लिए शुभ समय गोधूलि काल में संध्या 6.31 से रात्रि 8ण्31 तक बताया गया है। वहीं प्रदोष काल में शाम 5.38 बजे से रात 8.13 बजे तक पूजा होगी। उत्तर फाल्गुनीए दिन मंगलवार और कृष्ण द्वादशी हो तो यह योग त्रिपुष्कर योग कहलाता है। धनतेरस में इस योग में खरीदारी अति शुभ बताई गई है।

त्रिपुष्कर योग के साथ. साथ इस दिन इंद्र और वैधृति योग बन रहा हैए जो इस तिथि को और भी विशेष बना रहा है। खरीदारी के लिए त्रिपुष्कर योग में 29 को सुबह 6.31 बजे से दिन के 10.31 बजे तक और दोपहर 11.42 बजेसे 12.27 बजे तक शुभ मुहूत बन रहा है। इस बार दीवाली 6 दिन की मनाई जाएगी। 31 अक्टूबर को प्रदोषकाल में लक्ष्मी का पूजन होगा। इसके बाद एक नवंबर को उदयातिथि में अमावस्या होगी। इसके बाद दूसरे दिन गो.पूजन होगा और भाईदूज मनाया जाएगा।

यह रहेगी शहर की यातायात व्यवस्था : यातायात निरीक्षक भीखाराम काला ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 को छोटी दीपावली एवं 31 को दीपावली का त्यौहार मनाया जायेगा। जिसको मध्य नजर 29, 30 एवं 31 को सुबह 8 बजे से रात्री 12 बजे तक यातायात व्यवस्था मैं बदलाव किया गया है।

दीपावली पर जरूरतमंदों के लिए एकत्रित की सामग्री

मॉर्निंग न्यूज @ पुष्कर। उदयराम मेमोरियल स्कूल ने दीपावली महोत्सव पर सोमवार को अनूठी पहल करते हुए जरूरतमंदों के लिए कपड़े, बच्चों के खिलौने इत्यादि सामग्री एकत्रित की। स्कूल संचालक निर्मल चौधरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली के पर्व पर भगवान श्रीराम जब अयोध्या आए तो हर घर में खुशी थी। चारों ओर दीपों की रोशनी से पूरा अयोध्या नगरी जगमगा गई थी, हमें भी चाहिए कि हम इस उत्सव में हमारे आसपास के लोगों के चेहरे पर खुशी ला सके। इसीलिए सभी की प्रेरणा से जरूरतमंदों के लिए आवश्यक सामग्री को एकत्रित करने का प्रयास किया गया है। संस्था सचिव प्रवीण वैष्णव ने बताया कि इस पुनीत कार्य में विद्यालय के बच्चों ने अपने घरो से जरूरतमंदों के लिए आवश्यक सामान, कुछ नया तो कुछ पुराना काम आने वाला समान एकत्रित किया। जिसमें विद्यालय के शिक्षकों का भी सहयोग रहा।

दक्ष कार्यक्रम में गांधी जी के आदर्शों को किया जीवंत

संस्कृति द स्कूल का 20वां वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। संस्कृति द स्कूल का 20वां दो दिवसीय वार्षिक उत्सव तथा वार्षिक प्रदर्शनी का समापन सीनियर विद्यार्थियों के कार्यक्रम दक्ष के सफल आयोजन के साथ संपन्न हुआ। समारोह मुख्य अतिथि विद्यालय चेयरमैन सीताराम गोयल के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

विद्यालय प्राचार्या मनीषा जौहरी द्वारा वर्ष भर संचालित होने वाली शैक्षिक व सह शैक्षिक तथा खेल गतिविधियों तथा उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय प्राचार्या जौहरी ने बताया कि दक्ष कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय शास्त्रीय संगीत व पाश्चात्य संगीत के विद्यार्थियों ने राग 'मारवा' पर आधारित 'फ्यूजन' की प्रस्तुति दी, जिसमें आलाप, तान, जुगलबंदी, लयकारियां तथा वाद्य यंत्रों का सवाल जवाब की संगीतमय प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम का आगाज़ किया। साथ महात्मा गांधी व गोडसे की मुलाकात को 'एक संवाद' नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया। मुम्बई के प्रख्यात निदेशक सुमित नागदेव की परफार्मिग आर्ट कम्पनी एस.एन.डी.ए के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों ने गोडसे व गांधीजी के बीच संवाद को अभिनय के रूप में बखूबी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की परिकल्पना के अनुसार विभिन्न घटनाक्रम के माध्यम से यह बताने की कोशिश की गई कि यदि गांधी जी का गोली लगने के बाद निधन नहीं होता और वह गोडसे से मिलते तो परस्पर आरोप प्रत्यारोप के बाद दोनों ही इस बात पर सहमत होते कि राजनीतिक उठा-पटक व उथल-पुथल के बावजूद दोनों में कोई जाती दुश्मनी नहीं बल्कि वैचारिक मतभेद था। नाटिका में गांधी व गोडसे ने इतिहास को जीवन्त कर दिया। उम्दा अभिनय, श्रेष्ठ मंच सज्जा, प्रकाश व ध्वनि के संयोजन के माध्यम से 1948 के उस समय को साकार कर विद्यार्थियों ने दर्शकों की खूब दाद बटोरी। घटनाक्रमों के बीच सावरकर रैप, एकला चलो, मोरया, क्यूँ ना, रघ ुपति राघव जैसे कर्णप्रिय गीतों पर नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व सत्र 2023-24 में सह शैक्षिक व शैक्षिक गतिविधियों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को पुरस्कार राशि प्रदान की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम गोयल ने सराहा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध संस्कृति द स्कूल की खेल, आर्ट एंड क्राफ्ट व अन्य सुविधाओं के आधार पर दी जाने वाली शिक्षा व सर्वांगीण विकास की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के हेड ब्वॉय प्रियांशु प्रियानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पुष्कर मेले में पर्याप्त पुलिस जाब्ता होगा तैनात : एसपी राणा

मॉर्निंग न्यूज @ पुष्कर। अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले में पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात होगा यह कहना है अजमेर जिला पुलिस कप्तान वंदिता राणा का। सोमवार को पुलिस कप्तान वंदिता राणा ने पुलिस के आलाधिकारियों के साथ मेला मैदान,पशु मेला क्षेत्र, ब्रह्मा मंदिर, सरोवर सहित मुख्य बाजार का निरीक्षण किया।

तथा स्थानीय लोगों से रायशुमारी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस कप्तान राणा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। मेले के दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे। इसको लेकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

VEHICLE SALE/PURCHASE
Available for Sale One
ESCORTS KUBOTA FT 35 CHAMPION (DIESEL) 2023
RJ-47-RA-4393
Engine Number: E26...436
Chassis Number-T052626650
Loan A/c No. S043000311
"As is Where is Basis
CONTACT
SUNDARAM FINANCE LTD.
28-29 IInd Floor Shree Tower, Park Avenue Road Pakka Bazar, Malviya Nagar Jaipur-305017
0141-4017560
Mo. 9116010183

SKN COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY)
Jobner-303329 Distt. - Jaipur (Raj.)
No. F/SS/SKNCOA/2024/1714 Dated: 26.10.2024
ADMISSION NOTICE
Application are invited in the prescribed format on 11.11.2024 at 10.30 AM for Spot Admission on the ICAR quota vacant seats of B.Sc. (Hons) Ag. in the ICAR accredited constituted colleges of SKN Agriculture University, Jobner on the basis of the marks obtained in CUET 2024 and merit of the marks secured in the last qualifying examination. Application format and detailed guidelines are available on university website www.sknau.ac.in
Raj Samwad/C/24/7096 Dean & Faculty Chairman

कार्यालय नगर निगम, जयपुर हैरिटेज
ई-निविदा सूचना सं. अधि० अभि० (मु०) 61/2024-25
www.jaipurmcheritage.org, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No. ... पर भी देखी जा सकती है।

अजमेर डेयरी में प्रतिदिन हो रहा लगभग साढ़े चार लाख लीटर दूध का संकलन

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। देश सहित प्रदेश भर में अपनी अलग पहचान बनाने वाली सबसे चर्चित अजमेर डेयरी की शुरुआत आज से 52 साल पहले 17 अगस्त 1972 को हुई थी। वर्तमान में डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी के नेतृत्व में जो छोटा सा वृक्ष लगा था वो आज वटवृक्ष बन गया है। चौधरी के नेतृत्व में डेयरी एक मील का पत्थर साबित हुई है।

पशुपालकों का स्नेह और उनकी मेहनत का ही परिणाम है कि आज अजमेर डेयरी इस मुकाम तक पहुंचाया गया। अजमेर दुग्ध उत्पादक संघ का नवीन एंव अत्याधुनिक प्लांट शहर के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहा है। अजमेर ब्यावर मार्ग पर स्थित उत्तर भारत का यह प्लांट पशुपालकों व शहर के लोंगो के लिए रोजगार भी प्रदान कर रहा है। नए प्लांट में दूध को प्रोसेस किया जा रहा बल्कि दूध का पाउडर भी अधिक मात्रा में बनाया जा रहा है। डेयरी के नवीन प्लांट के निर्माण पर 320 करोड़ रूपए खर्च हुए हैं। यह पूरी तरह से स्काडा बेस्ड प्लांट है, इसमें लॉस कम और रिकवरी अधिक है। यह ग्रीन एनर्जी पर आधारित प्लांट है। वर्तमान में प्रतिदिन डेयरी में करीब साढ़े चार लाख लीटर दूध का संकलन किया जा रहा है।

1972 से शुरु हुआ डेयरी का सफर : अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने बताया कि अजमेर डेयरी का सफर



17 अगस्त 1972 से शुरू हुआ, तब ग्राम कोटड़ी में पंचायत समिति भिनाय में 34 लीटर दूध संकलन से इसकी शुरुआत हुई थी। इसे डेयरी के सिविल लाइन स्थित कार्यालय में एक लीटर के पैमाने पर वितरण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि जो छोटा सा पौधा वृक्ष लगा वो आज जिले में वटवृक्ष का रूप ले लिया है। शुरुआती दिनों में 25 हजार लीटर से डेयरी की शुरुआत की गई। बाद में 1.5 लाख लीटर से अब 10 लाख लीटर दूध प्रोसेसिंग की क्षमता हासिल की जा चुकी है। अजमेर डेयरी दिल्ली को बर्फ की सिल्लियों के रूप में दूध को जमा कर भेजती थी। डेयरी के टर्नओवर में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। निर्वाचित प्रतिनिधि व्यवस्था की शुरूआत के समय वर्ष 1990 में 2.5 करोड़ का कारोबार हुआ थाए जो आज करीब एक हजार करोड़ हो गया है।

डेयरी प्रबंधन का लक्ष्य प्रत्येक गांव को जोडना : डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि अब तक जिले के 1125 में से 825 गावों को डेयरी से जोड़ा जा चुका है। जबकि जिल की 325 में से 291 ग्राम पंचायतों को डेयरी से जोड़ा जा चुका है। डेयरी प्रबन्धन का लक्ष्य हर गांव व ग्राम पंचायत को डेयरी से जोडना है। इससे अमूल सहित अन्य निजी क्षेत्र की डेयरियों को कड़ी टक्कर दी जा सके। अजमेर डेयरी पशु नस्ल सुधार के क्षेत्र में भी बेहतरीन कार्य कर रही है। हरियाणा और गुजरात के पशुपालक भी अजमेर क्षेत्र से प्रेरणा लेते हैं। नस्ल सुधार के क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए अजमेर डेयरी ने सेक्स सॉर्टेड सीमन का उपयोग करना शुरू कर दिया है, इसके उपयोग से गायें सिर्फ बछड़ी को ही जन्म देंगी। उन्होंने बताया कि अजमेर डेयरी ने दुग्ध उत्पादों की रेंज का भी विस्तार किया है। वर्तमान में 56 से भी ज्यादा प्रोडक्ट बाजार में उपलब्ध हैं। अजमेर डेयरी की 800 रजिस्टर्ड समितियां तथा 66 दुग्ध संलकन केंद्र में स्थापित 300 बल्क मिल्क कूलरों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 4.50 लाख किलो दूध का संलकन किया जा रहा है। तमिलनाडु डेयरी फैडरेशन, कोल्हापुर, महाराष्ट्र फैडरेशन, महानंदा बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अहमदाबाद गुजरात आदि ने व्हाईट बटर का ऑर्डर दिया है, वर्तमान में इसकी काफी मांग है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत 5 रुपये प्रति लीटर का अनुदान सीधे दूध उत्पादकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पहुंचता है। इस अनुदान से सरस डेयरी को नई गति मिली है और दुग्ध उत्पादन में एक नया आयाम जुड़ गया है। पशुपालकों के हित में यहां कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। पशुपालन बीमा, चारा जलाने पर सहायता, पशुओं की आकस्मिक मृत्यु पर सहायता, टीकाकरण एआई जैसी सुविधाएं पशुपालकों को लाभान्वित कर रही हैं। अजमेर डेयरी को कर्जमुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने पशुपालकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए सरकार से कई तरह की योजनाओं का लाभ पशुपालकों को दिलवाया।

डेयरी अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि डेयरी प्रबंधन में अजमेर डेयरी प्रशासन ने विकास के मामले में बड़ी छलांग लगाई। देश का सबसे अधिक हाइटेक डेयरी संयंत्र अजमेर में तैयार हुआ। 10 लाख लीटर दूध की क्षमता वाले इस संयंत्र में ऑटोमेटिक मशीनों के जरिए दूध को प्रोसेस किया जा जा रहा है।

नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन ने उठाई 1 को दीपावली अवकाश की मांग

महापौर हाड़ा को सौंपा ज्ञापन

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। नगर पालिका कर्मचारी फैडरेशन कर्मचारियों ने सोमवार को मेयर ब्रज लता हाड़ा को दीपावली पर्व पर अवकाश की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। मेयर ब्रज लजा हाड़ा को सौंपे ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि दीपावली पर्व को लेकर मुहूर्त के अनुसार 1 नवंबर को दी है, इसको लेकर नगर निगम के कर्मचारियों को 1 नवंबर का अवकाश दिया जाए।

सरकार द्वारा 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व का अवकाश घोषित किया गया है,कर्मचारियों ने मांग की। महापौर अधिकार के अनुसार तीन अवकाश घोषित किया जा सकते हैं, ऐसे में कर्मचारियों ने मांग की की महापौर कर्मचारियों के मांग पत्र को ध्यान में रखते हुए अपने अधिकार से 1 नवंबर की छुट्टी घोषित करने की घोषणा करें। कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि नियम अनुसार नगर पालिका अधिनियम के तहत जो भी संभव होगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
मानद विश्वविद्यालय (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)
राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 2024 की हार्दिक शुभकामनाएं
NABH Accredited Hospital
NABL Certified Central Lab
All India Rank 1 (QCI & NCISM) Ranking
NAAC 'A' Grade Accredited University
GMP Certified Pharmacy Lab
Course Offered - BAMS, MD/M.S., P.hd., DANP, M.SC.
Services Offered - OPD, IPD, Panchkarma, Yoga
- Jorawar Singh Gate, Amer Road, Jaipur- 302002, - www.nia.nic.in
- Mansa Devi Temple Complex Panchkula, Haryana - 134114, -
Extension OPD (स्थान) -